भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2053**
03 मार्च, 2020 को उत्तर देने के लिए

**तेलंगाना में एफ.पी.आई.**

**2053. श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी:**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(क)** सरकार द्वारा तेलंगाना राज्य में और महबूब नगर संसदीय क्षेत्र, तेलंगाना में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना के लिए क्या कदम उठाए गए या उठाए जा रहे हैं;

**(ख)** क्या सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए तेलंगाना राज्य में कोई अध्ययन किया था;

**(ग)** यदि नहीं, तो राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं जिनमें कोत्तूर से बंगलौर एनएच-44 और कोत्तूर से रायचूर एनएच-167 में खाद्य उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक उपाय करना भी शामिल है; और

**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

**(क) से (घ):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, विभिन्न कृषि एवं सहबद्ध उपजों जैसे कि सब्जियों, फलों, दूध, मांस तथा पॉल्ट्री के परिरक्षण एवं प्रसंस्करण को सुविधाजनक बनाने के लिए अन्य के साथ-साथ आधुनिक अवसंरचना तथा दक्ष आपूर्ति श्रृंखला का सृजन करने हेतु स्कीम घटकों अर्थात (i) मेगा फूड पार्क, (ii) एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन अवसंरचना, (iii) कृषि प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना (iv) बैकवर्ड तथा फारवर्ड लिंकेज सृजन, (v) खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार, (vi)खाद्य संरक्षा एवं गुणवत्ता आश्वासन अवंसरचना, (vii) मानव संसाधन एवं संस्थान और (viii)ऑपरेशन ग्रीन्स के साथ केन्द्रीय क्षेत्र अम्ब्रेला स्कीम- **प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई)** का कार्यान्वयन कर रहा है । इन स्कीमों के अंतर्गत तेलंगाना राज्य सहित पूरे देश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों/यूनिटों/परियोजनाओं की स्थापना करने के लिए व्यक्तियों, किसानों, कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओज), उद्यमियों, सहकारिताओं, सोसायटियों, स्व-सहायता समूहों (एसएचजीज), निजी कंपनियों और केद्र/राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों इत्यादि को अनुदान सहायता के रूप में क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी दी जाती है । ये स्कीमें मांग प्रेरित हैं । खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी अभिरुचि की अभिव्यक्ति के प्रयुत्तर में पात्र आवेदकों को वित्तीय सहायता दी जाती है ।

महबूबनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित तेलंगाना के विभिन्न भागों में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत सहायता प्राप्त/सहायता प्रदान की जा रही परियोजनाओं का ब्यौरा **संलग्नक** पर दिया गया है ।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने ऐसे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना के लिए कोई अध्ययन नहीं कराया है जो विशिष्ट रूप से तेलंगाना राज्य के लिए हों ।

*****

<u>संलग्नक</u>

**तेलंगाना में एफ.पी.आई. के बारे में दिनांक 03.03.2020 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न सं.2053 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

**तेलंगाना राज्य में पीएमकेएसवाई के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त/दी जा रही परियोजनाओं का ब्यौरा ।**

**1. <u>मेगा फूड पार्क स्कीम-</u>**

**(करोड़ रुपए)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | परियोजना लागत | अनुमोदित अनुदान | जारी अनुदान | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्मार्ट एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड, निजामाबाद | 108.95 | 50 | 44.56 | चल रही |
| 2. | तेलंगाना स्टेट इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड, खम्मम | 109.44 | 50 | 28.49 | चल रही |

**2. <u>एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्यवर्धन अवसंरचना स्कीम</u>-**

**(करोड़ रुपए)**

| क्र.सं. | परियोजना | सेक्टर | अनुमोदन की तारीख | परियोजना लागत | अनुमोदित अनुदान | जारी अनुदान | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्रीमलाइन डेयरी प्रोडक्ट्स लिमिटेड, हैदराबाद | डेयरी | 28.01.2009 | 23.86 | 9.75 | 9.75 | चल रही |
| 2. | डोडला डायरी लिमिटेड, रंगारेड्डी | डेयरी | 13.07.2012 | 32.00 | 6.00 | 4.08 | चल रही |
| 3. | प्रसाद सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, मेडक | एफएंडवी | 20.09.2013 | 30.82 | 9.72 | 9.72 | चल रही |
| 4. | गुब्बा कोल्ड प्रिवरे लिमिटेड, रंगारेड्डी | एफएंडवी | 11.04.2017 | 24.99 | 8.87 | 2.22 | चल रही |
| 5. | प्राइमा फूडटेक प्राइवेट लिमिटेड, मेडक | एफएंडवी | 12.04.2017 | 29.37 | 6.95 | 6.95 | चल रही |
| 6 | श्रीनिवास फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड मेडक | पॉल्ट्री | 24.01 .2018 | 34.99 | 5.24 | 5.24 | चल रही |
| 7 | चंदन मिल्क प्रोडक्ट्स , विकाराबाद | डेयरी | 06.11 .2018 | 28.96 | 10.00 | 2.50 | चल रही |
| 8 | करीमनगर मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, करीमनगर | डेयरी | 06.11 .2018 | 63.06 | 10.00 | 0.00 | चल रही |
| 9 | वल्लभ मिल्क प्रोड्यूसर प्रा.लि., यदारी भवनागिरी | डेयरी | 09.11 .2018 | 31.94 | 7.88 | 1.67 | चल रही |
| 10 | सिम्पली फ्रेश प्रा.लि., , सिद्दीपेट | एफएंडवी | 22.07.2019 | 30.94 | 6.62 | 0.00 | चल रही |
| 11 | स्नेहा फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड, महबूबनगर | मांस/पॉल्ट्री | 22.07.2019 | 64.09 | 10.00 | 0.00 | चल रही |

**3. <u>कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना-</u>**

**(करोड़ रुपए)**

| क्र.सं. | परियोजना निष्पादन एजेंसी (पीईए) का नाम | परियोजना की अवस्थिति | जिला | अनुमोदन की तारीख | परियोजना लागत | अनुमोदित अनुदान | जारी अनुदान | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स मेगासीरा एग्रो प्रोसेसिंग सेंटर | मनोपद मंडल, जोगुलम्बा, मदुर, जिला महबूबनगर, तेलंगाना | महबूबनगर | 15.03.2019 | 23.106 | 6.369 | 0.00 | चल रही |

**4. <u>खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार -</u>**

**(करोड़ रुपए)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | अवस्थिति | सेक्टर | अनुमोदन की तारीख | परियोजना लागत | अनुमोदित अनुदान | जारी की गई राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स तेलंगाना स्टेट हॉर्टीकल्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड | सीड फार्म, दुलपल्ली, डुंडीगल गांदीम्मा मंडल, मेचल जिला | उपभोक्ता उत्पादन | 09.07.2019 | 18.58 | 4.29 | 0.00 | चल रही |
| 2 | मैसर्स एजीपी ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड | टीएसआईआईसी - आईएएलए, बुकिनेली गांव, जहीराबाद मंडल, सांगारेड्डी जिला | तेल और मिलिंग | 22.08.2019 | 26.94 | 5.00 | 0.00 | चल रही |

**5. <u>बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेजिस-</u>**

**(करोड़ रुपए)**

| क्र.सं. | परियोजना कानाम | सेक्टर | जिला | अनुमोदन पत्र की तारीख | परियोजना लागत | अनुमोदित अनुदान | जारी अनुदान | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैसर्स वेंकटेश्वर डेयरी प्रोडक्ट्स उत्पाद | दूध और दुग्ध उत्पाद | नालगोंडा | 10.04.2018 | 4.45 | 0.817 | 0.2 | चल रही |